अमर उजाला 14/03/2024

स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाया हुनर

अंबाला। छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट की ओर से खुड्डाकलां गांव में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

इसमें विश्वविद्यालय स्तर पर एनएसएस शिविर लगाकर आए विद्यार्थियों ने अपने अनुभव को सांझा किया। स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय के हिंदी विभाग के छात्रों ने गांव में लिंग संवेदीकरण पर रैली का आयोजन किया गया। डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें लिंग संवेदीकरण पर जागरूक कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए जीएमएन कॉलेज स्टाफ। संवाद

विद्यार्थियों ने नारा लगाकर दरवाजा खटखटाकर आपस में वार्तालाप कर लोगों को जागरूक किया।

डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों ने गांव के लोगों को सरकार की ओर से बेटियों के हित के लिए चलाई जा रही अलग-अलग सरकारी स्कीमों के बारे में बताया। संवाद